हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

04 पार्टी की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर...



06 धनतेरस पर जमकर बरसा धन, सोने-चांदी बर्तन ...










## नक्सलियों की उदंती एरिया कमेटी ने आत्मसमर्पण के लिए लिखा पत्र

**मैनपुर ।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को लग रहे करारे झटकों के बाद आत्मसमर्पण का सिलसिला जारी है। हाल ही में नक्सली नेता सोनू (महाराष्ट्र) और रुपेश (बस्तर) के बड़े समर्पण के बाद, अब गरियाबंद जिले की उदंती एरिया कमेटी ने भी सशस्त्र संघर्ष को विराम देने का ऐलान कर दिया है। कमेटी ने एक पत्र जारी कर संकेत दिया है कि 20 अक्टूबर, यानी दीपावली के दिन, वे हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा में लौट सकते हैं। उदंती एरिया कमेटी के नक्सली, अपने सभी साथियों के साथ हथियारों सहित आत्मसमर्पण करने की तैयारी में हैं, ताकि नई जिंदगी की शुरुआत कर सकें। इस संबंध में एरिया कमेटी के सदस्य सुनील ने एक पत्र जारी किया है। पत्र में उसने अपने नक्सली साथियों को लिखा है कि महाराष्ट्र में सोनू दादा और बस्तर में सीसी मेंबर रुपेश दादा ने 210 नक्सलियों के साथ हथियार सरकार को सौंप दिया है। पत्र में कहा गया है कि सोनू दादा ने हथियारबंद संघर्ष को विराम देने के लिए एक बुकलेट जारी की है। फोर्स का भी भारी दबाव है। आज की परिस्थितियों में आंदोलन चलाना अनुकूल नहीं है। नक्सली सुनील ने औपचारिक रूप से ऐलान किया है कि उनकी उदंती एरिया कमेटी गरियाबंद में सशस्त्र आंदोलन को विराम देने जा रही है। उसने सारे यूनिट सदस्यों से अपील की है कि वे हथियार लेकर 20 तारीख को आत्मसमर्पण के लिए आएं।








प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

खबर संक्षेप

### रसेला में भव्य डीजे डांस स्पर्धा 22 को



**रसेला।** ग्राम रसेला में गोवर्धन पूजा के दिन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 अक्टूबर दिन बुधवार को रात्रिकालीन भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रवेश शुल्क निशुल्क रहेगा। इस प्रतियोगिता का सामुहिक डांस का पहला इनाम 7001 रुपए मुरलीधर, अरविंद अग्रवाल सरायपाली (ठेकेदार) के द्वारा, वहीं द्वितीय पुरस्कार 4001 रूपए जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर सभापति सहकारिता द्वारा, तृतीय ईनाम 3001 रुपए उपसरपंच परमेश्वर यादव के द्वारा दिया जाएगा। युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपए सरपंच रूपादेवी ठाकुर, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपए इब्राहिम ख़ान के द्वारा, तृतीय ईनाम 1501 रूपए कोमर्रा टेन्ट हॉउस रसेला के द्वारा प्रदान किया जाएगा। एकल डांस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 3001 रूपए बालाजी ज्वेलर्स एंड फर्नीचर द्वारा, द्वितीय इनाम 1001 रूपए कार्तिकराम यादव और तृतीय पुरस्कार 701 रूपए धनेश्वर दास मानिकपुरी के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन में विशेष पुरस्कार का भी ईनाम रखा गया है, जिसमें प्रत्येक सुवा नृत्य ग्रुप को 500 रूपए और प्रत्येक राऊत नृत्य ग्रुप को 500 रूपए सांत्वाना पुरस्कार मनोज कोमर्रा के द्वारा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले शिवशंकर जयसवाल अध्यक्ष भाजपा मंडल के द्वारा 3000 रूपए और पंच पुरोहित यादव के तरफ से 1500 रूपए, विजय नेताम के द्वारा 1001 रूपए और पंकज यादव प्रबंधक लेम्स रसेला 1001 रूपए की राशि दी जाएगी। जितने भी प्रतिभागी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे वो अपना पैनड्राइव एवं चिप साथ में लाएंगे। पंजीयन के आधार पर प्रस्तुति होगी एवं समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा। मंच संचालन राघवेन्द्र यादव, दशरथ नेटी संभालेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तन मन धन से सहाड़ा देव समिति एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सुकुलबाय में मातर महोत्सव पर होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**महासमुंद।** जय जोखाही माता मातर महोत्सव पर ग्राम सुकुलबाय में 60वां वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 13000, द्वितीय 10000, तृतीय 7000, चतुर्थ 5000 रुपए दिया जाएगा। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम 7000, द्वितीय 5000, तृतीय 3500 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2500 रुपए प्रदाय किया जाएगा। मातर महोत्सव के मौके पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक नृत्य सुवा और राउत नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित है। मातर महोत्सव के लिए आयोजन समिति एवम खिलाड़ी तैयारी में जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी खुमान सिंह ध्रुव ने दी है।

### दीपावली पर्व को लेकर देरी स्कूल के छात्रों ने बनाई आकर्षक रंगोली

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में दीपावली त्योहार के पहले समस्त छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में आकर्षक रंगोली बनाकर अपना अपना खुशी प्रकट किया। विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने सभी छात्रों और समस्त स्टॉफ को उत्साहपूर्वक त्यौहार मनाने का निवेदन किया। व्याख्याता परस राम सिन्हा के मार्गदर्शन में कक्षा बारहवीं की पुष्पा जांगड़े, संजना निराला, लक्ष्मी बंजारे, तारिणी साहू, डिंकी चक्रधारी ने आकर्षक रंगोली बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक, लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विडंबना : कुम्हार परिवारों को शासन की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# दीपावली की रौनक के बीच कुम्हार परिवार उपेक्षित आजादी के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

दीपावली पर्व को लेकर मैनपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह मिट्टी के दीये और कलश की खरीददारी हो रही है। इस पर्व की तैयारी के लिए कुम्हार परिवार के लोग पिछले चार माह से दिन-रात मिट्टी के दीये, कलश और अन्य सामग्री बनाने में लगे हुए थे। कुम्हार समुदाय ग्रामीण जीवन और सामाजिक ताने-बाने का एक महत्वपूर्ण अंग है। दैनिक घरेलू गतिविधियों से लेकर पूजा अनुष्ठान और विवाह संस्कारों तक, सभी कुम्हारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं के बिना संपन्न होना संभव नहीं है। मिट्टी के बर्तन (घड़ा, मटका, सुराही), कलश और धार्मिक अनुष्ठानों की सामग्री इन्हीं परिवारों द्वारा बनाई जाती है।

#### योजनाओं का लाभ नहीं, महंगाई की मार

बावजूद इसके, कुम्हार जनजाति के लोग आज आजादी के 79 वर्षों बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। विभिन्न सरकारों द्वारा इनके विकास और उत्थान के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की गईं, लेकिन इन योजनाओं का लाभ कुम्हार परिवारों तक नहीं पहुँच रहा है। माटी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार वर्षों से उपेक्षित हैं। उनका पूरा जीवन माटी पर आश्रित है, लेकिन इस महंगाई के दौर में उन्हें बर्तनों व मूर्तियों का संतोषजनक और सही मोल नहीं मिलता है।





#### नदीपारा में 80% आबादी कुम्हारों की, फिर भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित




*मैनपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नदीपारा में लगभग 70 से 75 कुम्हार परिवार निवास करते हैं, जो ग्राम की 80 प्रतिशत आबादी है, लेकिन यह पूरा गाँव मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। कुम्हारों की समस्याएं यहीं समाप्त नहीं होतीं; नदी के बाढ़ से उन्हें हर वर्ष बारिश के दिनों में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। नदीपारा के कुम्हार उदेराम पांड़े, जोगनी बाई, टंकधर, मोहनु पांड़े, रिपु पांड़े और मनुधर पांड़े ने बताया कि त्यौहार को छोड़कर अन्य दिनों में उन्हें अपनी मेहनत का कोई संतोषजनक मोल नहीं मिलता। महंगाई लगातार बढ़ रही है, रंगों की कीमत हर साल बढ़ती जा रही है। मिट्टी के बर्तन पकाने के लिए उन्हें लकड़ी भी खरीदनी पड़ती है, जिसकी कीमत भी बढ़ गई है, जिससे उन्हें पर्याप्त मुनाफा नहीं मिल पाता।*

#### शासन से सहयोग की कमी

कुम्हारों ने शिकायत की कि शासन से उन्हें ऐसी कोई सहायता नहीं मिल रही है, जिससे वे अपना व्यवसाय बढ़ा सकें। उनकी कला को आगे बढ़ाने के लिए भी सरकार ने कोई ठोस प्रयास नहीं किए हैं। शासन ने इलेक्ट्रॉनिक चाक और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही थी, लेकिन इन योजनाओं का कितना लाभ मिल रहा है, यह देखने वाला कोई नहीं है। कुम्हारों ने शासन से माँग की है कि उन्हें उनकी कला को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जाएं। उन्हें जमीन, खेत सुधार, आवास और व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण सरकारी मदद और अनुदान मिलना चाहिए, जैसा कि अन्य कलाकारों को मिलता है। कुम्हारों का मानना है कि यदि उन्हें उचित प्रोत्साहन मिले तो यह समाज विकास की मुख्य धारा में तेजी से शामिल हो सकता है।

## धनतेरस पर 13 दीयों से हुई धनवंतरी और गौरी-गणेश की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

दीपावली पर्व की शुरुआत को लेकर शनिवार को नगर सहित पूरे अंचल में लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। शाम होते ही फिंगेश्वर का बाजार गुलजार हो गया और लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। धनतेरस के शुभ अवसर पर लोगों ने अपने घरों के आंगन में 13 दीये जलाकर भगवान गौरी-गणेश सहित धनवंतरी देवता की पूजा-अर्चना की। सभी ने सुख-समृद्धि की कामना की और एक-दूसरे को धनतेरस पर्व की शुभकामनाएं दीं। बाजार के उत्साह के बीच, किसानों ने धान कटाई और धान खरीदी दोनों कार्यों में देरी होने की बात कही। किसानों ने बताया कि यदि धान कटाई के बाद पर्व होता तो उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होती और पर्व मनाने का उत्साह दोगुना रहता। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सबके बावजूद वे दीपावली पर्व को धूमधाम से मनाएंगे। बाजार में लोगों ने अपनी ज़रूरत का सारा सामान खरीदा। खरीदी गई वस्तुओं में कपड़ा, राशन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, स्कूटर, मोटरसाइकिल, फल-फूल, मिठाई, फैंसी सामान और विशेष रूप से मिट्टी के दीये शामिल थे।

## साहू समाज कोपरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सचिव का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों के उपस्थिति में रविवार को कोपरा के रामजानकी मंदिर साहू समाज भवन मे सभी तेरह गांव के साहू बन्धुयों की उपस्थिति रही दोपहर 1 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुआ और शाम 6 बजे वोटो की गनती शुरू हुई। बड़ी संख्या मे उपस्थित समाजिक लोगों मे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव महिला उपाध्यक्ष, महिला सचिव, की किस्मत को देखते रहे फिर वोटो की गनती पूरी होने पर कोपरा परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में ग्राम तर्रा निवासी टुमन साहू को विजय मिली और कोपरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने वहीं इसी क्रम में उपाध्यक्ष पूरन साहू लोहरसी, सचिव टानिक साहू सहसपुर, महिला उपाध्यक्ष नंदनी साहू टेका और महिला सचिव के रूप मे भगवती साहू कसेरुडीह मिली सभी स्वजातीय बंधुओ ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी का गुलाल फूल माला से स्वागत किया और साहू समाज के दायित्व को निर्वहन करने पदाधिकारी को सौंपा तहसील परिक्षेत्र से निर्वाचन अधिकारी बनकर आए लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपा और शपथ ग्रहण दिलाया। दोपहर सभी साहू समाज के लोगों के लिए मिष्ठान की भी व्यवस्था की गई थी और चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ इस दौरान तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, पूर्व कोपरा परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व अध्यक्ष तीजम साहू, अशवंत साहू, थानेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, मोहन साहू, गणेश साहू, चेमन साहू, बद्रीनाथ साहू, प्रताप साहू सहित बड़ी संख्या मे साहू समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

## नगर पंचायत छुरा की परिषद बैठक में जन-सेवा शुल्कों में छूट का प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



नगर पंचायत में परिषद की बैठक जिसमे जनता से संबंधित सेवाओं आदि पर शुल्कों में छूट हेतु प्रस्ताव पास किया गया। एवं कई अन्य प्रस्ताव पर चर्चा एवं निर्णय हुए जैसे नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न वार्डों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति के संबंध में विचार एवं निर्णय। 2 वार्ड क्रमांक 13 में आरसीसी नाली निर्माण एवं कल्वर्ट निर्माण कार्य शिव चौक से आलम घर तक। स्थल परिवर्तन के संबंध में विचार एवं निर्णय। 3 वार्ड क्रमांक 11 में स्वर्ण जंयती चौक के पास स्माल फाउंटेन सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य का स्थल परिवर्तन के संबंध में विचार एवं निर्णय। वार्ड क्रमांक 04 बस स्टैण्ड स्थित अटल व्यवसायिक दुकानों के नीलामी के संबंध में विचार एवं निर्णय। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में विचार एवं निर्णय। मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में विचार एवं निर्णय। ग्राम पंचायत कालीन आबंटित व्यवसायिक परिसर के संबंध में विचार एवं निर्णय। नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में विचार एवं निर्णय। यूनीपोल / होर्डिंग्स का दर निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय। अस्थायी पण्डाल/रैली/सभा स्थल / मैदान की अनुमति हेतु दर निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय। पानी टैंकर एवं वैक्युम एम्पीटियर मशीन का दर निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय। अनापत्ति प्रमाण पत्रों का दर निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन, अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव, पार्षद हरीश यादव, संगीता अजय दीक्षित, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, यामीन (ट्रांसजेंडर), पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, सलीम मेमन, राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर उपस्थित थे।

■ कई विकास कार्यों पर भी मुहर

## रानीपरतेवा स्कूल में 25 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल, शिक्षा को मिलेगी गति

**मुड़ागांव (कोरासी)।** हायर सेकेंडरी स्कूल रानीपरतेवा में शनिवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस आयोजन में कक्षा 9वीं की 25 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे उनके स्कूल आने-जाने की राह आसान होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामप्रसाद शांडिल्य थे, जबकि अध्यक्षता रमन नामदेव ने की। इस अवसर पर, अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर बधाई दी और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। यह योजना बालिकाओं को स्कूल की दूरी की समस्या से निजात दिलाकर, उन्हें नियमित रूप से अध्ययन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराने में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित गणमान्यों में मुख्य रूप से प्राचार्य एमआर खान, मुकेश साहू, रघुनाथ साहू और तुलसी साहू सहित अन्य स्कूलीय स्टाफ मौजूद रहा। छात्राओं में साइकिल पाकर भारी उत्साह देखा गया।





## 9वीं की छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिलें

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासकीय कन्या हाईस्कूल परसदाखुर्द में गुरुवार 16 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में अध्ययनरत छात्राओं को निः शुल्क साइकिलें वितरित की गईं।

छात्राओं को साइकिल वितरण ग्राम पंचायत परसदा खुर्द की सरपंच डिगेश्वरी ठाकुर और ग्राम पंचायत पिपरहटथा के सरपंच उगेश कमार के हाथों संपन्न हुआ। यह योजना छात्राओं को स्कूल तक आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को कम करने और उन्हें नियमित रूप से शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, शाला विकास समिति के सदस्य और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रवीण कामत और व्याख्याता उत्तम कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में शाला के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ में स्वाति वर्मा परमार, सविता दीवान, सुनीता ध्रुव, देवराज दीवान, नम्रता निषाद, सहायक शिक्षक विज्ञान भूमिसूता भोई, बड़े बाबू श्री प्रेमलाल सिन्हा, सुनील सोनेकर तथा शाला के अन्य कर्मचारी परमेश्वरी यादव, घनश्याम ठाकुर, मिथुन नेताम और समस्त छात्र/छात्राएं शामिल रहे। छात्राओं में साइकिल पाकर खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

## मुरमुरा में कक्षा 9वीं के 37 छात्राओं को दी साइकिल



**कोपरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 37 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। मुख्यअतिथि दीपक ध्रुव सरपंच अध्यक्षता अनिल साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि रेखराम साहू व सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू रहे। सरपंच दीपक ध्रुव ने कहां सरकारी स्कूल में विशेष योजनाओं का लाभ नव प्रवेशी बच्चों को सरकार देती है जिससे बच्चियों काफी खुश और प्रफुल्लित हो जाते हैं दूर-दूर से बारिश और धूप में स्कूल पैदल आना पड़ता है जिससे काफी समय लगता है आप साइकिल मिल जाने से बच्चों को आसानी होगी और सरलता से स्कूल पहुंच पाएंगे सभी नवप्रवेशी छात्रों को साइकिल मिलने की बहुत-बहुत बधाई आगे कहां भविष्य में सफलता अर्जित करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। अनिल साहू अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा पर विशेष कार्य कर रही है जिसको लेकर सरस्वती साइकिल वितरण जैसे हर वो संभव सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास कर रही है। इससे बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में आसानी हो। साथ ही साहू ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिया। विद्यालय के प्रिंसिपल लीला राम साहू ने विद्यालय के उन्नति व छात्र हित में कार्य कर रहे शिक्षकों के प्रयास और विद्यालय के समस्या निदान के लिए कुछ आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी अतिथियों व पालकों का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी इस प्रकार की सहयोग की अपेक्षा किया। इस दौरान सरपंच दीपक ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि रेखराम साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष अनिल साहू, समाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू, प्रिंसपल लीला राम साहू टी आर साहू, डीपी शर्मा, पी आर यादव, केके भारती, नागेश सर, के एल साहू, एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। नवीन प्रिंसिपल लीला राम साहू को उपस्थित अतिथियों द्वारा झरझरा माता की छायाचित्र भेंट कर बधाई दी गई।

एसपी निखिल राखेचा ने कहा -अब वक्त है बंदूक की जगह किताब उठाने का

# बस्तर के बाद जिले में भी नक्सलवाद पर विराम उदंती एरिया कमेटी ने दिए आत्मसमर्पण के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक और ऐतिहासिक दिन जुड़ गया है। जहां एक ओर बस्तर में रूपेश दादा उर्फ सतीश दादा के नेतृत्व में 210 माओवादी कैडरों ने हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया, वहीं दूसरी ओर गरियाबंद जिले की उदंती एरिया कमेटी ने भी सशस्त्र संघर्ष को विराम देने का संकेत दिया है। नक्सलियों ने पर्चा जारी कर संकेत दिए हैं कि समाज के मुख्यधारा में जुड़ने की ठान लिए है। अनुमान है गरियाबंद में सैकड़ों की संख्या में नक्सली हथियार छोड़ने की तैयारी में है। इसी बीच गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए नक्सलियों से भावनात्मक अपील की है। उन्होंने कहा हम आपका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। समाज की मुख्यधारा में लौट आइए, हथियार छोड़िए, हिंसा को विराम दीजिए। जो भी नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहता है, वह बेझिझक सीधे मुझसे संपर्क करे मैं और मेरी टीम उसकी और उसके परिवार की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेंगे। एसपी राखेचा ने अपना सीधा संपर्क नंबर 94791-90067 सार्वजनिक करते हुए कहा कि जो भी माओवादी हिंसा छोड़ना चाहता है, वह इस नंबर पर किसी भी समय संपर्क कर सकता है। एसपी राखेचा ने कहा कि अब समय है संघर्ष से संवाद की ओर बढ़ने का। अब वक्त है बंदूक की जगह किताब उठाने का, समाज को जोड़ने का। असली लड़ाई शिक्षा, विकास और शांति के रास्ते से ही लड़ी जा सकती है।

#### राज्य सरकार की नीति पर जोर

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सुरक्षा, पुनर्वास, रोजगार और सम्मानजनक जीवन जीने के पूरे अवसर दिए जा रहे हैं। बस्तर और गरियाबंद की घटनाएं इस ओर संकेत करती हैं कि दण्डकारण्य क्षेत्र में अब बंदूक नहीं, संवाद का दौर शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ की धरती एक बार फिर शांति और विकास की राह पर लौट रही है और यह बदलाव, नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक नया अध्याय लिख रहा है।



#### लगातार हो रहे आत्मसमर्पण से नक्सल संगठन हिल रहे

16 अक्टूबर को महाराष्ट्र में सोनू दादा और 61 नक्सल कार्यकर्ताओं ने सशस्त्र आंदोलन को विराम दिया था। इसके अगले ही दिन, 17 अक्टूबर को बस्तर में 210 माओवादी कैडरों ने सरकार के सामने आत्मसमर्पण करते हुए "पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन" की दिशा में कदम बढ़ाया। इसके बाद, उदंती एरिया कमेटी ने भी अपने संदेश में कहा कि अब जनता के बीच रहकर जनांदोलन और संवैधानिक माध्यमों से समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। एसपी निखिल राखेचा ने कहा कि यह सिर्फ आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि सोच और दिशा में परिवर्तन का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य केवल नक्सलियों को पकड़ना नहीं, बल्कि उन्हें यह समझाना है कि अब असली संघर्ष विकास और शिक्षा के रास्ते से ही संभव है।

## बच्चियों ने सुआ नृत्य कर संस्कृति धरोहर को जिन्दा रखा है : इंद्रजीत



**कोपरा।** दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुआ नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी बच्चियों ने जिंदा रखा है। सुबह से लेकर देर शाम तक घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओ की टोली दस्तक दे रही है। इन दिनों ऐसा ही नजारा शहर व गांवो के गली मोहल्लो में देखने को मिल रहा है। वहीं अब पहले की तरह नृत्य करने वाली टोलियों की संख्या कम हो गई है। पर अभी भी छोटी बच्चिया परंपरा का निर्वहन कर रही है। अलग-अलग छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत गाकर लोगों का मनोरंजन करने वाले बच्चों की खुशी देखते ही बना रही हैं। इन दिनों कोपरा, लोहरसी, भेंडरी, रवेली, कौनद्केरा, तरीघाट, तर्रा, जेंजरा सहित कई गांवो में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची हुई है। क्षेत्र के युवा जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। जिसे आज छोटी बच्चीयों ने संजो कर रखा है और गांव-गांव जाकर लोगों को हमारी विलुप्त होती परम्परा को जिन्दा रखने संदेश दे रही है। वहीं समाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू और युवा नेता संजू साहू ने छोटी बच्चीयों के गीतों मे झूम उठे और सभी को संप्रेम भेंट के रूप मे राशि दिए। और कहां की हमारी बहनों द्वारा एक सामान वेश भूषा पहनकर हमारी परंपरा को बरकरार रखा है। कड़ी धूप में छोटी बच्चियों के द्वारा दीपावली से पहले माहौल बना रहे हैं ढोल नगाड़े टासक मंजीर के साथ लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इस दौरान खैरझिटी के बच्चीयों और ढोलक मे बुजुर्ग व टुकनी लिये बूढ़ी महिलाओ के चेहरे मे पर्व को लेकर ख़ुशी झलक रही थी।

**खबर संक्षेप**

## स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 353 सिद्धि राइस मिल के पास का है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को यशवंत कुमार सतनामी निवासी वार्ड नं 10 ग्राम केशवा ने बताया कि 17 अक्टूबर को वह अपनी बड़ी मां के लड़के संतोष कुमार सतनामी के साथ अपने मोटर सायकल से गुल्लू गुखेरा अपनी भांजी को देखने के लिये गये थे। वापस आने के दौरान शाम करीब 4.30 बजे के आसपास एनएच 353 रोड सिद्धि राइस मिल के सामने महासमुंद से नदी मोड की ओर जा रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीसी 9458 के चालक द्वारा अपनी स्कूटी को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक व खतरनाक ढंग से चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गए। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## ज्वेलरी शॉप से 60 हजार रुपए का जेवर चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली के एक ज्वेलरी शॉप से 60 हजार रुपए के जेवर चोरी के मामले में अज्ञात अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड क्रमांक 12 निवासी व जय अंबे ज्वेलर्स के संचालक मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया 17 अक्टूबर को लगभग 11 बजे वह अपने ज्वेलरी दुकान में स्टाफ विद्या, प्रहलाद तथा पुत्र यश अग्रवाल के साथ बैठा था। लगभग 11:45 बजे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखने से पता चला कि एक अज्ञात व्यक्ति जो आसमानी कलर का फुल टी शर्ट पहने हुए था, ने ट्रे में रखे सोने की एक जोड़ी लटकन वजन लगभग 6 ग्राम से अधिक कीमत 60000 रुपए को देखने के बहाने चोरी कर लिया।

# राजिम शहर के बस स्टैण्ड में हुआ सुआ नृत्य स्पर्धा का रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





राजिम शहर के बस स्टेण्ड में पहली बार सुआ नृत्य प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन हुआ। इस आयोजन में आसपास के गांवों के 18 टीम भाग ली जिसमें प्रथम स्थान पर दिग्गज चौक सेंदर की सुआ टीम रही। इस टीम को लिलेश्वर यादव की ओर से 3000 रूपए की नगद राशि से पुरूस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान पर भैंसातरा की जय मां दुर्गा सुआ टीम रही जिसे सुनील जैन द्वारा 2500 रूपए की राशि दी गई। तृतीय स्थान पर ग्राम जेंजरा की राधा कृष्ण सुआ टीम को 1500 रूपए की नगद राशि डॉ. राजेंद्र गुप्ता की ओर से प्रदान किया गया। मालूम हो कि बाकी 15 प्रतिभागी टीमों को 500-500 रूपए का सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खास बात यह रही कि इस आयोजन को नवयुवक मंडल छत्तीसगढ़ बेरोजगार संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के परंपरा को जीवंत रखने के प्रथम प्रयास के रूप में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेंद्र शर्मा, महेश यादव, धीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, भावेश ठाकुर, सुनील जैन, पवन सोनी, लीलेश्वर यदु, हेमन्त साहू, राजेन्द्र गुप्ता, बाबा ठाकुर, रमेश नागवानी, गजाधर सिंह ठाकुर, अजय पटेल, लिनेश तिवारी, योगेश साहू, जय शर्मा, दिव्यांश शर्मा, श्रेयांश शर्मा, सुजल निषाद, दिगेश साहू की विशेष भूमिका रही। संचालन धीरेंद्र शर्मा ने किया। निर्णायक की भूमिका में जनपद सदस्य सीमा शर्मा, संध्या शर्मा, तुलाराम, भारत यादव, उत्तम निषाद, सुरेश पटेल, बलराम यादव मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बेरोजगार संघ द्वारा पोला पर्व में इसी प्रकार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति से संबंधित खेलकूद, घड़ा दौड़, बोरा दौड़, कबड्डी, लंबी कूद, रस्सा खींच, जैसे अनेको कार्यक्रम कराया जाता है। कार्यक्रम का आनंद लेने बड़ी संख्या में शहर के लोग मेला मैदान में मौजूद रहते है।

**बैठक : कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद के चयन को लेकर रेहाना रियाज ने कांग्रेसियों से मुलाकात की**

# पार्टी की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत और ईमानदार आधार होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



संगठन सृजन अभियान के तहत, कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती (पूर्व राज्य मंत्री, राजस्थान) ने फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पर्यवेक्षक चिश्ती के बैठक स्थल पर आगमन होते ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में रामकृष्ण तिवारी, टिकेश साहू, डोंगर सिंह मरकाम, करीम खान, तेजेश यदु, मनोज सोनवानी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने गुलदस्ता भेंट कर और फूलमाला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पर्यवेक्षक चिश्ती ने कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विषय बिंदु पर संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी और नेता राहुल गांधी का स्पष्ट मानना है कि देश में पार्टी की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर एक मजबूत और ईमानदार आधार होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिलों में अध्यक्षों का चयन ऊपर के स्तर से न करके, पर्यवेक्षक गांव और ब्लॉक स्तर पर जाकर जमीनी कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे हैं। उनका प्रयास है कि कार्यकर्ताओं के विचार जानकर सर्वसम्मत या बहुमत विचारों को महत्व देते हुए ही जिला अध्यक्ष पद हेतु नाम दिए जाएं।

### बचपन जिला सहित राजिम क्षेत्र की गोद में गुजरा : शुक्ल

इस अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता से रायशुमारी की गई और जिला अध्यक्ष पद हेतु नाम दिए उम्मीदवारों को भी अपना विचार रखने का अवसर मिला। गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदार भवानी शंकर शुक्ल ने अपने उद्बोधन में मजबूत दावेदारी पेश की। शुक्ल ने कहा कि उनका बचपन गरियाबंद सहित राजिम क्षेत्र की गोद में गुजरा है। उन्होंने अपने पारिवारिक जुड़ाव पर जोर देते हुए कहा कि उनके दादाजी पं. श्यामाचरण शुक्ल का यह क्षेत्र कर्मभूमि रहा है, और उनके पिता अमितेश शुक्ल भी गरियाबंद जिला सहित राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र के लिए हमेशा समर्पित जनप्रतिनिधि रहे हैं। भवानी शंकर शुक्ल ने अपने संगठनात्मक अनुभवों को साझा करते हुए कहा मैं भले ही जिला अध्यक्ष उम्मीदवार के तौर पर आपके सामने हूं, किंतु इस अंचल के युवा और मतदाताओं के बीच बचपने से युवा अवस्था तक आप सबके साथ हूं और हमेशा रहूंगा। उन्होंने 2014 में गरियाबंद जिला से यूथ कांग्रेस के 25 हजार कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाई थी। उन्होंने 2018 के चुनाव में राजिम विधानसभा क्षेत्र का संचालन किया था, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से सबसे अधिक 55 हजार वोटों से जीत दर्ज हुई थी। वह राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो पदयात्रा और बिहार में वोट चोर गद्दी छोड़ मुहिम यात्रा में साथ रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ नर्मदा परिक्रमा भी की है, और गरियाबंद जिले में हक की लड़ाई के हर संघर्ष में कार्यकर्ताओं के साथ रहे हैं। उन्होंने यह कहकर अपनी बात समाप्त की कि गरियाबंद-राजिम क्षेत्र से उनका अटूट संबंध व नाता-रिश्ता है, जिसे वह हमेशा निभाते रहेंगे। इस कार्यक्रम में फिंगेश्वर ब्लॉक के सभी मंडल, सेक्टर व बूथ कार्यकर्ता, तथा महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की तादाद में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष कामरेड स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के पुण्य स्मृति में स्वर्गीय चन्द्राकर की छत्तीसगढ़ उड़ान के प्रांतीय अध्यक्ष निधि चन्द्राकर के विशेष सौजन्य से विमतारा कॉन्फ्रेंस हाल, शांतिनगर राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला धमनी के शिक्षक महेन्द्र पंत को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेन्द्र तिवारी थे। अध्यक्षता राजेन्द्र चन्द्राकर तथा विशेष अतिथि के रूप में अनिल शुक्ला एवं परस राम साहू उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कामरेड चन्द्राकर जी संघर्षशील एवं दबंग कर्मचारी नेता थे जो अपना सारा जीवन कर्मचारी हित के लिए संघर्ष करने में तथा छत्तीसगढ़ महतारी के सेवा के लिए समर्पित कर दिया। स्वर्गीय चन्द्राकर जी शारीरिक रूप से भले ही हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनके व्यक्तित्व एवं आदर्श हमारे साथ रहकर हमें एवं हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का काम करता रहेगा। इस अवसर पर रायपुर, बिलासपुर,सरगुजा, दुर्ग एवं बस्तर संभाग के उत्कृष्ट शिक्षक–शिक्षिकाओं, पत्रकार एवं समाजसेवियों सहित उनके परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।शिक्षक की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्रधानपाठक गोप कुमार साहू,संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, खेलन साहू, प्रिती नायक, जनपद सभापति राधेश्याम साहू, सरपंच रामकली रामानंद ध्रुव, शिक्षक उत्तम भारती पदमनी साहू, अनिता राजपूत, मनीषा दीवान, नीलम धनकर, नंदेश्वर ठाकुर, प्रमोद गोस्वामी, संकुल शाला परिवार एवं मित्रों ने बधाई दी है।

# आत्मानंद स्कूल की प्राचार्या वंदना पांडे निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट और गंभीर प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते आखिरकार स्कूल शिक्षा विभाग (मंत्रालय) ने सख्त कार्रवाई की है। गरियाबंद स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय की प्राचार्या वंदना पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मु ख या ल य रायपुर निर्धारित किया गया है, जहां उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

- **प्रशासनिक अव्यवस्था और शैक्षणिक लापरवाही पर विभाग का कड़ा एक्शन**

शिक्षा विभाग की एक निरीक्षण टीम ने 31 जनवरी 2025 को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताएं और शैक्षणिक लापरवाहियां सामने आईं। जिसमें विद्यालय का शैक्षणिक स्तर लगातार निम्न पाया गया, विशेषकर कक्षा 12वीं के छात्रों की गुणवत्ता बेहद खराब थी। प्रयोगशाला में पर्याप्त संसाधन होने के बावजूद उनका उपयोग नहीं किया जा रहा था। विज्ञान प्रयोगशाला की सामग्रियां खराब और अनुपयोगी थीं। फर्नीचर अस्त-व्यस्त और जर्जर हालत में था, तथा शाला परिसर एवं कक्षाओं में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। कक्षाओं की समुचित व्यवस्था भी नहीं थी। विभागीय निरीक्षण दल ने अपनी रिपोर्ट में इस स्थिति को सिस्टमेटिक फेल्योर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (प्रशासन की व्यवस्थित विफलता) बताया है। प्राचार्या वंदना पांडे ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का उल्लंघन किया है। उन्हें अनुशासनहीनता, कदाचार और कर्तव्य के प्रति लापरवाही का दोषी पाया गया है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निलंबन आदेश जारी किया है।

### गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं

*राज्यपाल के नाम से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पीएम श्री आत्मानंद स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई को शिक्षा जगत में एक हाई-प्रोफाइल निलंबन के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय उन सभी संस्थानों के लिए कड़ा संदेश है जो अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मानंद स्कूलों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और अनुशासन को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार, भविष्य में ऐसे सभी विद्यालयों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी जिनका प्रदर्शन निर्धारित मानकों से नीचे पाया जाएगा।*

# बेलडीही स्कूल में शिक्षक चंदन कुर्रे को भावभीनी विदाई, 20 वर्षों तक दी सेवा

**रसेला।** ग्राम रसेला के पारा बेलडीही स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक चंदन कुर्रे के गनबोरा स्कूल में स्थानांतरण होने पर शनिवार को शाला परिवार द्वारा सह-सम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ सभी अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्वयं शिक्षक चंदन कुर्रे थे, जबकि अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर भुजिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रधानपाठक त्रिलोक राम साहू, संतोष कुमार धीवर, और समिति के उपाध्यक्ष हामिद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। अपने विदाई उद्बोधन में शिक्षक चंदन कुर्रे भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि शिक्षक के कर्म की पूजा होती है, और आज मेरे स्थानांतरण पर आप लोग तथा सभी छात्र-छात्राओं द्वारा जो सम्मान किया जा रहा है, यह मेरे कर्मों का फल है।/" उन्होंने अन्य शिक्षकों से भी लगन और मेहनत से पढ़ाने का आग्रह किया। कुर्रे ने पारा वासियों, बच्चों और शिक्षकों के भरपूर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।



### शिक्षकों का स्थान सर्वोच्च

*प्रधानपाठक त्रिलोक राम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों का स्थान समाज में सर्वोच्च होता है और उनके कर्मों का महत्व बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि अगर शिक्षक सच्चे मन से बच्चों के बीच शिक्षा प्रदान करते हैं तो निश्चित रूप से वैसे बच्चे सफल होते हैं। शाला समिति के अध्यक्ष सहित सभी पारा वासियों ने शिक्षक कुर्रे के 20 वर्षों के लंबे कार्यकाल के योगदान को याद किया और विदाई भाषण के माध्यम से उनके साथ बिताए पलों को साझा किया। शाला समिति, शिक्षकगण, ग्रामीण और सभी छात्र-छात्राओं ने कुर्रे सर को श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मानित किया। विदाई के अवसर पर सभी बच्चों को पेन और कॉपी भी वितरित की गई। इस मौके पर पालकगण देवकुमार मार्कडेय, पुनीत राम, जीरा बाई, हेमिन, गोमती, फुलेश्वरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती ठाकुर, रामलाल कुर्रे सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।*

# साइकिल बना धान बीड़ा लाने का सुलभ साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



इस वर्ष शासकीय दर पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा, जिसकी घोषणा शासन द्वारा किया गया है। इस समय रसेला सहित क्षेत्र में किसान मौसम को देखते हुए, हरूना किस्म की धान की लुआई और खेत से खलिहान तक लाने में जुटे हुए हैं। आधुनिक युग के चलते आज भी क्षेत्र के किसान नरेंद्र ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, धनीराम ने अपने धान बीड़ा को सायंकाल में ढुलाई कर रहे हैं। किसान ने बताया कि एक बार में आठ धान की बीड़ा सायकल से घर तक आराम से ले आता हूं। उसने कहा कि 70 से 80 बीड़ा को एक से 2 घंटे में ढुलाई हो जाता है। तो ट्रेक्टर से अच्छा है, 15 से 20 वर्ष पहले हर किसान के पास बैल या भैंसा गाड़ी होता था, मगर जब से ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर आया है तब से हर घर तो क्या क्षेत्र के गांवों में बैल गाड़ी देखना दुर्लभ हो गया है। आज के मशीनरी युग में समय का बचत होता है मगर मेहनत धीरे धीरे कम हो रहें। एक एकड़ वाले किसान पहले खुद अपनी मेहनत से धीरे धीरे किसानी कार्य समय पर पूरा कर लेते थे। आज वही कृषक सारी काम मशीन से करवा रहे हैं। आज ऐसी स्थिति है कि किसान के बच्चे हल ( नागर ) क्या होता है इसको पुछने पर बात नहीं पाते जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा छुरा के अंतर्गत 8 समिति है, जिसमें 9 उपार्जन केन्द्र है, साथ ही इस वर्ष नया समिति और नया उपार्जन केन्द्र खोला जाएगा। ज्ञात हो कि सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए एक भी जगह शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जबकि धान विक्रय में किसानों को समय आने पर पूरा दिन लग जाता है। इस ओर शासन प्रशासन का अभी तक ध्यान नहीं गया। यहां तक कई केन्द्रो में बाथरूम की व्यवस्था भी नहीं रहता है। जबकि पुरुष के साथ खाताधारी महिला भी धान बेचने उपार्जन केन्द्र पहुंचते हैं। उस समय महिलाओं को इधर उधर जगह तलाश करने पड़ते हैं। धान खरीदी के लिए किसानों को सुविधा और भीड़ से बचने हेतु टोकन तुहर हाथ योजना लागू की जाती है, मोबाइल एप से अपना टोकन बुक करते हैं, इस वर्ष भी ज्यादा मात्रा में धान की खरीदी की जानी है, इस लिहाज से धान तोलने कांटा,हेमाल की संख्या बढ़ानी होगी। सभी खरीदी केन्द्रों में दीपावली के बाद साफ सफाई का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस वर्ष ग्राम कुडेरादादर में नया समिति और उपार्जन केन्द्र खुलने से किसानों के चेहरे में मुस्कान नजर आने लगा है। साथ ही क्षेत्र किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र खोलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**आत्मानंद स्कूल के 16 छात्राओं को मिली साइकिल**

# साइकिल मिलने से घर एवं स्कूल की दूरी हुई कमः हरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शनिवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सामाजिक अंकेक्षण के साथ-साथ शासकीय योजना के तहत 16 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने समिति को बताया कि इस वर्ष शासन से प्राप्त होने वाले फंड की आधी राशि ही अभी मिली है। इस फंड को प्रतिवर्षानुसार विभिन्न मदों में खर्च किया जाना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इसी फंड से 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर 'आनंद मेला' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों की सहमति माँगी। प्राचार्य मुकेश निर्मलकर के सुझावों पर अध्यक्ष मनीष हरित सहित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की।

### साइकिल वितरण से छात्राओं में उत्साह

बैठक के बाद कक्षा 9वीं की 16 छात्राओं को 'सरस्वती साइकिल योजना' के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर हर्ष की लहर थी। छात्राओं ने कहा कि यह साइकिल उन्हें स्कूल आने-जाने के साथ-साथ निजी कार्यों के लिए भी बहुत सहायक होगी। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष हरित ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की यह सोच है कि स्कूली छात्राओं को उनके घर की दूरी इस साइकिल से कम हो, ताकि वे नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल आएं और मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा, /"कोई भी छात्रा स्कूल की दूरी की वजह से अपनी पढ़ाई बंद न करे, यही शासन की मंशा है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर, जनभागीदारी अध्यक्ष मनीष हरित, सदस्य दीपक पोद्दार, शुभम जैन, ज्योति राजपूत, सुमन श्रीवास और शिक्षक उमेश यदु आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर ने ज्ञापन सौंपा



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स ऐसोसिएसन के प्रांतीय एवं जिला के निर्देश पर ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर द्वारा टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, 20 वर्ष मे पूर्ण पेंशन, क्रमोंन्नती का जनरल ऑर्डर जारी करने की मांगो को लेकर 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्यसचिव, शिक्षा सचिव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार फिंगेश्वर अंजली खलखों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमन्त कुमार साहू को सौपा गया। आज के ज्ञापन सौंपने कार्यक्रम में हुलस साहू अध्यक्ष, किरण कुमार साहू सचिव, डगेश्वर ध्रुव कोषाध्यक्ष, कमलेज बघेल उपाध्यक्ष, लुकेन्द्र श्रीवास, डोगेंद्र पाड़े उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






















संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा
**काका होजियरी**
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

**खबर संक्षेप**

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन से सरपंच संघ के अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से राजिम-फिंगेश्वर विकासखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू ने सौजन्य भेंट किया। भेंट के दौरान उन्होने आगामी समय में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने के लिए आग्रह किया। इस पर डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में आने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। मुलाकात अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू के साथ ,शिवशंकर साहू, हुलास साहू, गोलू साहू, भावेश साहू, कमलेश साहू, आशाराम साहू, लकेश साहू मौजूद थे।

### सूरज कुमार का अग्निवीर में चयन होने पर स्वागत



**अभनपुर।** भारतीय सेना मे अग्निवीर के रूप मे चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सूरज कुमार साहू अपने गृह ग्राम खोरपा लौटे जहां उनके शुभचिंतको व ग्रामीणो ने उनका भव्य स्वागत किया। डीजे की धुन पर नाचते लोगो ने पुष्प वर्षा कर सूरज का अभिनंदन किया और उनके देशसेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर सूरज के पिता रामजी साहू व माता हिरौदी साहू को भी ग्रामीणो ने बधाई दी। ग्रामवासियो ने कहा कि सूरज ने पूरे गांव का मान बढ़ाया है और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने है।

### पीपरछेड़ी में मातर मेला महोत्सव 23 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पीपरछेड़ी (जतमईगढ़) में समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी मातर मेला महोत्सव का भव्य आयोजन 23 अक्टूबर दिन गुरुवार से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि गौरी शंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, अध्यक्षता मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, विशेष अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद,नीरा बिसहत ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी,अघन सिंह ठाकुर पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा,निलकंठ ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य छुरा, गोविन्द राम यादव पूर्व उप सरपंच,छबीराम ध्रुव उपसरपंच, शुकलाल मरकाम ग्रामीण अध्यक्ष,गिरधर ध्रुव ग्राम पटेल होंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम पंकज साहू कृत पिरित के डोरी सांस्कृतिक लोक कला मंच सोरमसिंघी खल्लारी जिला महासमुन्द का आयोजन किया गया है।

### ढोलक में छिपाकर गांजा की तस्करी

**महासमुंद।** मुरमुरी चौक के पास बस का इंतजार कर रहे शख्स के कब्जे से सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पीले रंग का ढोलक लेकर मुरमुरी चौक के पास बस का इंतजार कर रहा है। पुलिस की पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सुनील पांडे पिता सराबदेव उर्फ सर्वदेव पांडे (46 साल) हाउस नं0 186 शहीद वीर नारायण सिंह नगर एचएससीएल कॉलोनी वार्ड नं 28 सेक्टर नंबर 11 थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग बताया। साथ ही ढोलक के अंदर क्या है पूछने पर वह गोलमोल जबाव देने लगा। कड़ाई से पूछने पर ढोलक के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया और उक्त गांजा को सोनपुर ओडिशा से खुर्सीपार दुर्ग ले जाना बताया।

**पर्व : नवापारा-राजिम के बाजारों में उमड़ी बेकाबू भीड़, वोकल फॉर लोकल का दिखा जोर**

# धनतेरस पर जमकर बरसा धन, सोने-चांदी बर्तन और कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शनिवार को धनतेरस के शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए नवापारा शहर में आस-पास के पचास से अधिक गांवों के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 11 बजे से शुरू हुई यह भीड़ देर रात तक बनी रही। बाजार का नजारा यह था कि हर दुकान पर ग्राहकों का ऐसा जमावड़ा था कि दुकानदारों के लिए सामान देना भी मुश्किल हो रहा था। नवापारा के सदर बाजार में लगातार जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिससे सभी लोग परेशान दिखे। खरीददारी के लिए अपने परिवार के साथ पहुंचे लोग अपने दुपहिया वाहनों को बाजार के भीतर ले जा रहे थे और दुकानों के सामने ही खड़े कर रहे थे, जिससे जाम लगना लाजिमी था। दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच हालात ऐसे हो गए थे कि जाम में फंसे लोगों का निकलना दूभर हो गया था।

#### ज्वेलरी और अन्य बाजारों में जबरदस्त व्यापार

व्यवसायी धनतेरस पर हुई ग्राहकी से अत्यंत संतुष्ट दिखे। ज्वेलरी शॉप, इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़ा मार्केट सभी जगह जबरदस्त व्यापार हुआ। नवापारा के सदर बाजार में गुरुदेव ज्वेलर्स, शंकर ज्वेलर्स, पंकज ज्वेलर्स, छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स, कृति बेनटेक्स ज्वेलरी, जय सत्यदेव ज्वेलर्स और महालक्ष्मी ज्वेलर्स में विशेष भीड़ देखी गई। वहीं, राजिम शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक स्थित नवकार ज्वेलर्स, गौरव ज्वेलर्स और नीलम ज्वेलर्स में भी बेतहाशा भीड़ नजर आई। ज्वेलर्स ने बताया कि धनतेरस ने उनकी सारी कसर पूरी कर दी है और लोगों ने जी भरकर खरीदी की है। रेडीमेड जीन्स और टी-शर्ट की दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ थी।

#### राजिम शहर भी रहा भीड़ से लबरेज

धनतेरस पर राजिम शहर की सड़कों पर भी जबरदस्त चहल-पहल रही। संपन्न लोग सोना-चांदी की दुकानों में, जबकि सामान्य वर्ग के लोग कपड़ा दुकानों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदी में व्यस्त दिखे। लड़कियों की भीड़ फैंसी कॉर्नर में और लड़कों की भीड़ पटाखे की दुकानों पर रही। व्यवसायी आज की ग्राहकी से बहुत खुश दिखे। महिलाओं की भीड़ ज्वेलरी शॉप के अलावा साड़ी सेंटरों में भी बनी रही। शाम होते ही घरों और दुकानों के सामने लड़कियों ने रंगोली सजाई और दीयों तथा बिजली के झालरों की रोशनी से पूरा शहर जगमगा उठा। बाइक-कार शोरूम, बर्तन, मिठाई, जूता-चप्पल, पटाखा और फैंसी कॉर्नर समेत सभी जगहों पर भीड़ दिखी। व्यापारियों को उम्मीद है कि रविवार को लक्ष्मी पूजा और सोमवार को दीपावली के अवसर पर मार्केट की भीड़ बेकाबू रहेगी और व्यापार का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम साफ और अनुकूल होने से लोगों के चेहरे पर दीपावली पर्व की खुशियों की चमक साफ नजर आई।

#### झाड़ू, धनिया और पीतल की खरीदी शुभ

खरीदी कर निकल रहे लोगों के हाथों में झाड़ू नजर आया। सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों में यह कहा जाता रहा कि धनतेरस पर झाड़ू खरीदना अति शुभ होता है, जिससे घरों में मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। कई गृहणियों ने बताया कि झाड़ू के अलावा धनिया, हल्दी का गांठ, इलायची दाना, बताशा, लाई, नमक और पीतल की वस्तु खरीदना भी शुभ माना जाता है, इसलिए हर कोई इन्हें खरीदकर घर ले गया।

#### स्वदेशी अपनाओ और वोकल फॉर लोकल का दिखा असर



बाजार के हर हिस्से में 'वोकल फॉर लोकल' का नजारा भी देखने को मिला। लोगों के हाथों में मिट्टी के दीये, कपास से बनी दीये की बत्ती, नेचुरल फूल माला, लाई और मिट्टी से बनी अन्य सामग्री दिखाई दी। इस संबंध में भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के /"स्वदेशी अपनाओ/" और /"वोकल फॉर लोकल/" आह्वान से प्रेरित होकर लोगों ने स्थानीय वस्तुओं की खरीदी की। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और यह स्वदेशी की भावना से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहायक होगा। उन्होंने देश की मजबूती के लिए इस भावना को अपनाना अत्यंत आवश्यक बताया।

## हरिहर स्कूल में पहुंची संकल्प यात्रा

**नवापारा-राजिम।** स्कूली छात्र छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से टीम वॉर्म अप की संकल्प यात्रा हरिहर स्कूल पहुंची। प्राचार्य फाखरा दानी ने बताया कि दुर्ग के लेखक ललित कर्णावट ने 1 घंटे की वर्कशॉप में बच्चों से बातें भी की और उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए लक्ष्य बनाकर अपने स्किल को बढ़ाते हुए निरंतर प्रयास करते रहने को प्रेरित किया, एवं गुरुजनों एवं कहा गया कि माता पिता के मार्गदर्शन के अनुसार कार्य करना है जिससे आपको सफलता प्राप्ति में बाधा नहीं आएगी।कार्यक्रम की शुरूआत में टीम वॉर्म अप से पधारे लेखक ललित कर्णावट एवं अमल वर्मा का शाला नायक द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि अंचल के लेखक ललित कर्णावट की किताब वॉर्म अप जो कि यह बताने में कामयाब हुई है कि पढ़ाई के वक्त किन चीजों का ध्यान रखा जाए तो सफलता प्राप्ति में कठिनाई नहीं होती। स्कूल के बच्चों को वॉर्म अप किताब की प्रतियां नयापारा के प्रतिष्ठित हेमंत ज्वेलर्स द्वारा निःशुल्क वितरित की गई। टीम वॉर्म अप ने जहां स्कूल के मैनेजमेंट की तारीफ की वहीं प्राचार्य द्वारा टीम वॉर्म अप का आभार व्यक्त किया गया। इस संकल्प यात्रा में बच्चों को बेहतर इंसान बनने के लिए 10 संकल्प भी दिलाए गए।





## सक्षम दिव्यांग स्कूल में रही दीपावली की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सक्षम दिव्यांग स्कूल में गुरुवार को धूमधाम से दीपावली मना ली गई। बताया कि वे एक हफ्ता पहले ही मना लेते हैं चाहे त्योहार होली या दीवाली क्यो न हो। प्रधानपाठक उमेश्वरी साहू ने बताया कि अपनी भारतीय संस्कृति के धरोहर को जीवंत रखने और नये पीढ़ी के लोगों तक हमारी संस्कृति हमारी धरोहर का संदेश देना और समाज के वंचित लोगों को पुस्तकी ज्ञान देने के साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति लोक नृत्य संगीत से जोड़ना आवश्यक है। इसी वजह से यहां हर त्यौहार निर्धारित तिथि से कुछ दिन पहले ही मनाया जाता है। गुरुवार को पूरे सक्षम विद्यालय परिवार ने दिवाली की तैयारियां सुबह से ही शुरू कर दी। पूरे विद्यालय को सजाया गया, पूजा-पाठ के बाद शाम को दीपों और आतिशबाजी से जगमगा उठा। लोग एक-दूसरे से मिलकर खुशियाँ साझा करते रहे। इस अवसर पर पटाखों और आतिशबाजी ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। यहां के दिव्यांग बच्चे नए-नए कलाकृति सीखकर स्वयं में कोई कमी नहीं देखते एक सामान्य व्यक्ति जैसे जीवन को बड़े खुशहाल उमंग और जुनून के साथ करते है। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक सुधा साहू, ढालेंद्र मानिकपुरी, कमलकांत, अनिल मानिकपुरी, संजय शुक्ला, रूखमणी, हितेश्वरी ध्रुव, तारणी निषाद, डिगेश्वरी विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव मौजूद थे।

## शिक्षिका रामेश्वरी को दी विदाई व्याख्याता पद पर हुआ प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरगांव में पदस्थ शिक्षिका रामेश्वरी मांझी का व्याख्याता के पद पर पदोन्नत होने के उपलक्ष्य में, शाला प्रांगण में सम्मान सह विदाई समारोह का भावुक आयोजन किया गया। वर्ष 2008 से माध्यमिक शाला जरगांव में अपनी सेवाएं दे रहीं रामेश्वरी मांझी ने लंबी अवधि तक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। विदाई समारोह में बच्चों का भावुक होना स्वाभाविक था; उनकी आंखें नम हो गईं। वहीं, उनके साथ लंबे समय तक कार्य करने वाली अन्य शिक्षिकाएं भी बिताए पलों को याद करके भावुक हो गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वयं रामेश्वरी मांझी थीं, जिसकी अध्यक्षता शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष डुगेन्द्र पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच नीलम ध्रुव, उमा मिश्रा, मदन ध्रुव और रामाधार साहू उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभी बच्चों ने मिलकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया और अपने संबोधन में उन्होंने रामेश्वरी मांझी के अध्यापन कार्य और सरलता का बखान किया। सभी शिक्षकों ने उनकी सादगी, क्रियाकलाप और कार्यकुशलता की प्रशंसा की।



#### भावुक उद्बोधन और उपहारों का तांता

विदाई के अवसर पर पदोन्नत शिक्षिका को ग्रामीणों और उपस्थित सभी लोगों ने बधाई दी और उपहार भेंट किए। स्कूल स्टाफ की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल तथा ग्रुपींग फोटो भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि बच्चों ने उन्हें पर्स भेंट किया। अपने विदाई उद्बोधन में रामेश्वरी मांझी ने कहा कि आप सभी लोगों का प्यार पाकर मैं अभिभूत हूँ। आप लोगों के साथ मिलकर कार्य करने से मुझे प्रगति मिली है, और मुझे जो सम्मान मिला है उसे मैं कभी नहीं भूलूंगी। मुझे शासन की ओर से प्रमोशन मिला है और आप सभी का अपार स्नेह भी मिला, जिससे मैं काफी उत्साहित हूं। शिक्षिका रामेश्वरी मांझी ने भी अपनी तरफ से सभी शिक्षकों को कलम तथा स्कूल के लिए गमला और गुलदस्ता भेंट किया। उन्होंने रसोईया और स्वीपर को भी गिफ्ट प्रदान किए। इतना ही नहीं, बुजुर्ग महिलाओं गोदावरी साहू और रूखमणी ध्रुव को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक कन्हैयालाल यादव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, प्रेमनारायण ध्रुव, चुम्मन ध्रुव (व्याख्याता), पदमनी ध्रुव, भोगेन्द्र ठाकुर, रामबती ध्रुव, भुवनेश्वरी दिवान, टामिन ध्रुव, नीलम ध्रुव, डुगेन्द्र पटेल, उमा मिश्रा, मंगली बाई पटेल, मानकी ध्रुव, तिलक ध्रुव, मदन ध्रुव, रामाधार साहू, तथा स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## राजिम में हुआ किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर गुरूवार को राजिम पहुंचे। यहां पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा की मौजूदगी में उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर, भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री शेखर साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, भाजयुमो नेता दीपक साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, पार्षद टंकु सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, कमलेश



साहू, भुवन साहू, आशीष पांडे, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गोपचंद बैनर्जी, वेदराम साहू, टीकम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री ठाकुर का काफिला पंडित सुंदर लाल शर्मा चौक से गरियाबंद मार्ग पर प्रेम रतन मैरिज पैलेस पहुंचा। यहां पैलेस के संचालक जितेंद्र सोनकर ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

## जरगांव हाईस्कूल में नए प्राचार्य साहू का स्वागत

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासकीय हाईस्कूल जरगांव में पदोन्नत होकर आए प्राचार्य चेतन लाल साहू का शाला परिवार की ओर से स्वागत अभिनन्दन किया गया। उन्हें शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। स्वागत पश्चात अपने उद्बोधन में साहू जी ने कहा की आप सभी शिक्षकों के साथ मिलजुल कर कार्य करेंगे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम सतत प्रयास करेंगे। आप सभी



अपना विचार देते रहे ताकि एक नया सोच के साथ मिल कर कार्य कर सकें। इस कार्यक्रम में प्रेमनारायण ध्रुव, कन्हैयालाल यादव, भोगेन्द्र ठाकुर, अविनाश वर्मा, विकास शुक्ला, रामबती ध्रुव, पदमनी ध्रुव मदन ध्रुव आदि उपस्थित थें।



#### अग्निवीर हितेश का भव्य स्वागत, नगर में निकली रैली

**राजिम।** बैगलोर में अग्निवीर भारतीय सेना के ट्रेनिंग पूरी करके वापस लौटने पर राजिम के लाल हितेश यादव का भव्य विशाल स्वागत रैली निकली। बस स्टैंड से लेकर श्री राजीव लोचन मंदिर तक बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, अजय यादव, पोषण यादव, रवि निर्मलकर, प्रीतम यादव, संजू निर्मलकर, आकाश यादव, प्रकाश यादव, रुपेश यादव, प्रशांत यादव राजा साहू, आयुष निर्मलकर, संदीप यादव, नवीन यादव, राहुल यादव, प्रदीप निर्मलकर, कुणाल निर्मलकर, सोनू यादव बंटी, हरीश, विवेक शामिल थे। मालूम हो कि हितेश, अशोक यादव के सुपुत्र है।

**दीपावली जागरूकता अभियान, पटाखे हटाकर दीप जलाने का दिया संदेश**

## कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हसदा गांव में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय (नवापारा-राजिम) के राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में ग्राम हसदा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दीपोत्सव जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गांव में एक विशाल रैली निकाली। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया। उन्होंने 'हम सब साथ मिलकर दिवाली मनाएं, धरती बचाएं', 'आओ दीप जलाएं, पटाखे हटाएं', और 'दीप ही दीपावली का आधार है, इसके बिना ना दीपावली का त्यौहार है' जैसे नारे लगाए। इस अभियान में डॉ. आरके रजक (जिला संगठक, रायपुर), डॉ. श्यामा शांडिल्य (कार्यक्रम अधिकारी), राजेश साहू, सरपंच शशि प्रकाश



साहू, तोरण साहू (पंच) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। सरपंच शशिप्रकाश साहू और डॉ. आरके रजक ने भारतीय संस्कृति और परंपरा में दीपावली के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को अनेक किंवदंतियों से अवगत कराया।



#### सांस्कृतिक माध्यम से जागरूकता

स्वयंसेवकों ने अलग-अलग टोलियों जैसे नवदीप ग्रुप, पूजा ग्रुप, ब्यास ग्रुप, और लेखिका ग्रुप में बंटकर ग्राम भ्रमण किया। उन्होंने सुवा नृत्य और राउत नाचा जैसे छत्तीसगढ़ी लोककला माध्यमों का उपयोग करते हुए ग्रामीणों को हर घर में दीपदान, शिक्षा, स्वास्थ्य और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।जागरूकता फैलाने के साथ ही स्वयंसेवकों ने गांव के बड़े बुजुर्गों, माताओं और बहनों को 5-5 दीये, रंगोली और लक्ष्मी जी की फोटो भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में चंचल, ढलेश्वरी, डीगेश्वरी, तिलक रामदेव, लाकेश सहित कुल 86 स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन दिपेश सेन ने किया, और अंत में डॉ. शांडिल्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

